हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

'प्रेस नोट'

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2020(परीक्षा तिथि 02.01.2021 एवं 03.01.2021)

सभी सम्बन्धित को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2020 के लेवल 1, 2 व 3 का आयोजन दिनांक 02.01.2021 एवं 03.01.2021 को करवाया जा रहा है। पात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) वैबसाईट **www.haryanatet.in** एवं बोर्ड वैबसाईट **www.bseh.org.in** पर दिनांक 23.12.2020 से उपलब्ध होगें। सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) पर दर्शाए गए महत्वपूर्ण नोट/निर्देशों को ध्यान से पढ़कर/समझकर उनकी पालना करना सुनिश्चित करेगें।

- अभ्यर्थी इस बारें विशेष ध्यान रखें कि प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) का प्रिन्ट रंगीन फोटो के साथ लिया जाना अनिवार्य/आवश्यक है।
- अभ्यर्थी द्वारा आवेदन करते समय पंजीकृत करवाया गया फोटो पहचान कार्ड जो कि अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) पर भी वर्णित है, को मूल रूप से परीक्षा केन्द्र पर पहचान पत्र के तौर पर साथ लेकर जाना अनिवार्य है।
- अभ्यर्थी परीक्षा आरम्भ होने से 2 घण्टे 10 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें ताकि वह परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर से तलाशी, IRIS बायोमैट्रिक डाटा कैप्चरिंग और अन्य अनिवार्य औपचारिकताएं समय से पूरी कर सकें।
- अभ्यर्थी को किसी भी अवस्था में केन्द्र परिवर्तन की अनुमति नहीं होगीं।
- अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र के अन्दर अंगूठी, बालियां, चेन, हार, लटकन, ब्रोच इत्यादि जैसे सभी गहने, किसी भी धातु की वस्तु, कैमरा, घड़ी, कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, पेजर, ब्लूटूथ, इयरफोन, पर्स, लॉग टेबल, हेल्थ बैण्ड, इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स , प्लास्टिक पाउच, रिक्त या मुद्रित कागज, लिखित चिट इत्यादि लेकर जाने की अनुमति नहीं है। अभ्यर्थी की कोई भी वस्तु को परीक्षा केन्द्र पर रखने की व्यवस्था नहीं होगीं।
- महिला अभ्यर्थी को मंगलसूत्र, बिन्दी व सिन्दुर पहनने की अनुमति होगीं। **Baptized Sikh candidates** को धार्मिक प्रतीकों को ले जाने की अनुमति है।
- अभ्यर्थी इस बारें विशेष ध्यान रखें कि दो पृष्ठीय प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) के प्रिन्ट एक (**centre copy**) व दूसरी (**candidate copy**) रंगीन फोटो के साथ लेकर जाना अनिवार्य/आवश्यक है। अभ्यर्थी इस बारें विशेष ध्यान रखें कि प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) पर पंजीकरण के समय अपलोडिड रंगीन फोटो लगाकर व राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित करवाकर परीक्षा केन्द्र पर लेकर जाना भी अनिवार्य है।
- ऐसे अभ्यर्थी जिनका फोटोग्राफ, हस्ताक्षर व अंगूठे का निशान निर्धारित स्थान/नार्मज/साईज अनुसार सही नहीं है तथा अभ्यर्थी की फोटो से पहचान सुनिश्चित नहीं हो रही है ऐसे सभी अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक रोके गए है। ऐसे अभ्यर्थी औपचारिकता पूर्ण करते हुए अपना अनुक्रमांक डाउनलोड कर सकते है।
- ऐसे नेत्रहीन/अशक्त अभ्यर्थी जिनकी अशक्तता **40%** या अधिक है, जो अपने हाथ से लिखने में असमर्थ है व लेखक की सुविधा लेना चाहते है। ऐसे अभ्यर्थी लेखक लेने हेतु स्वीकृति बारे मैडिकल बोर्ड/मुख्य चिकित्सा अधिकारी(**C.M.O.**) द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण–पत्र, जो अभ्यर्थी लेखक के रूप में लिया जाना है उसकी दो पासपोर्ट साईज की फोटो, शैक्षणिक योग्यता सीनियर सैकेण्डरी (10+2) से अधिक न हो, की प्रतियों सहित बोर्ड मुख्यालय में सम्पर्क करें।
- मास्क के बिना परीक्षा केन्द्र में बैठने की अनुमति नही दी जाएगी।

sd/-
सचिव